आ0सं0:-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-21/2022..........दिनांक-

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

## सकारण आदेश

संवेदक, P.K.Singh Construction Ptd Ltd, Kabir Chowk, Radha Nagar, Ward No-15, P.O+P.S-Saharsa, Dist-Saharsa (Bihar), Pin-852201 द्वारा सहरसा जिलान्तर्गत 10 कोर्ट भवन, सहरसा के अतिरिक्त कार्य की निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र समर्पित करने क मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना के पत्रांक-2021 दिनांक-22.06.2022 द्वारा संवेदक को दोषी मानते हुये बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली-2007 में निहित प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी ।

मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना के द्वारा निविदा में समर्पित अनुभव प्रमाणपत्र (बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०, कार्य प्रमंडल, सहरसा के पत्रांक-827 दिनांक-27.06.2019) की सत्यापन निगम के पत्रांक-1719 दिनांक-28.05.2022 के द्वारा कराया गया । तत्पश्चात् बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० के पत्रांक-227 दिनांक-30.05.2022 के द्वारा सूचित किया गया कि अनुभव प्रमाणपत्र का उपयोग किया गया है, जो सत्यापन में गलत पाया गया है ।

दिनांक-19.07.2022 को अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदकों के निलंबन/कालीकरण संबंधी बैठक में इस मामले पर विचार किया गया । विचारोपरांत समिति द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण पूछने का निर्णय लिया गया । विभागीय पत्रांक-5709 दिनांक-11.08.2022 के द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण पूछा गया । उक्त समिति की अगली बैठक दिनांक-13.09.2022 में संवेदक से स्पष्टीकरण का जवाब अप्राप्त रहने के कारण समिति द्वारा संवेदक को पुनः स्मारित एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित करने का निर्णय लिया गया । उक्त निर्णय के आलोक में संवेदक को विभागीय पत्रांक-6894 दिनांक-26.09.2022 के द्वारा स्मार पत्र दिया गया एवं प्रेस विज्ञप्ति विभागीय पत्रांक-7068 दिनांक-29.09.2022 के द्वारा भी सूचित किया गया ।

दिनांक-15.11.2022 को अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदकों के निलंबन/कालीकरण संबंधी बैठक में इस मामले पर विचार किया गया तथा विचारोपरांत समिति द्वारा संवेदक से प्राप्त स्पष्टीकरण को अमान्य करते हुए इनके निबंधन को तीन वर्षो के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया । P.K.Singh Construction Ptd Ltd, Kabir Chowk, Radha Nagar, Ward No-15, P.O+P.S-Saharsa, Dist-Saharsa (Bihar), Pin-852201 के निबंधन सं०-BCD-220015/2022 Class-II को विभागीय आदेश ज्ञापांक-8650 दिनांक-29.11.2022 के द्वारा आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन वर्षों के लिये निलंबित किया गया ।

उक्त आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष एक अपील आवेदन दिनांक-19.01.2023 को समर्पित किया गया । अपील अभ्यावेदन के क्रम में दिनांक-21.04.2023 को सुनवाई हुई जिसमें संवेदक के अनुपस्थित रहने के कारण अगली सुनवाई की तिथि दिनांक-09.06.2023 को निर्धारित की गयी। जिसमें संवेदक उपस्थित हुये।

Sec-13 Prakash

कृ०प०उ०

सुनवाई में संवेदक द्वारा स्वीकार किया गया कि उपर्युक्त वर्णित कार्य की निविदा में उनके कम्प्यूटर ऑपरेटर के द्वारा बिना उनकी जानकारी में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड कर दिया गया था । कागजातो के अवलोकन से स्पष्ट है कि फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र उनकी जानकारी में अपलोड किया गया है। ऐसी स्थिति में अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक-8650 दिनांक-29.11.2022 द्वारा पारित आदेश यथावत् रखते हुए अपील आवेदन खारिज किया जाता है ।

ह0/-
(कुमार रवि)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-21/2022 पटना,दिनांक-

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः-संवेदक, P.K.Singh Construction Ptd Ltd, Kabir Chowk, Radha Nagar, Ward No-15, P.O+P.S-Saharsa, Dist-Saharsa (Bihar), Pin-852201 के निबंधन सं०-BCD-220015/2022 Class-II को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-
सरकार के सचिव

ज्ञापांक-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-21/2022........ पटना,दिनांक-

प्रतिलिपिः-सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग,/अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/ऊर्जा विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना/सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग/मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित

ह0/-
सरकार के सचिव

ज्ञापांक- भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-21/2022.......... 4798(भ0) पटना,दिनांक- 12/6/23

प्रतिलिपिः-आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

9/6/23
सरकार के सचिव